बिहार विधान सभा सचिवालय

आवश्यक सूचना

षोडश बिहार विधान सभा का पंचम-सत्र दिनांक- 23 फरवरी, 2017 को 11.00 बजे पूर्वा० में बिहार विधान सभा वेश्म में आहूत किया गया है, जिसका सीधा वेबकास्टिंग किया जायेगा, जिसे http://webcast.gov.in/biharvs तथा www.vidhansabha.bih.nic.in पर देखा जा सकता है ।

सत्र के दौरान प्रत्येक दिन के प्रश्नकाल सहित सदन की अन्य महत्वपूर्ण कार्यवाहियों का प्रसारण डीडी बिहार चैनल, दूरदर्शन केन्द्र, पटना एवं प्रत्येक दिन के प्रश्नकाल का प्रसारण आकाशवाणी, केंद्र, पटना से किया जायेगा ।

सत्र के दौरान बिहार विधान मंडल परिसर में बाहरी व्यक्तियों एवं अनधिकृत वाहनों का प्रवेश अवांछनीय तथा निषिद्ध है । लिखित अनुमति अथवा प्रवेश-पत्र प्राप्त किये बिना कोई भी बाहरी व्यक्ति बिहार विधान मंडल की परिसीमा में प्रवेश नहीं कर सकेंगे । सुरक्षा कारणों से बिहार विधान मंडल के पूर्वी मुख्य द्वार (गेट नं०-9 एवं 10) ही प्रवेश के लिए खुले रहेंगे ।

राम श्रेष्ठ राय
सचिव
बिहार विधान सभा, पटना ।